# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

पत्रांक : पी0ए0/2668
दिनांक : 22.04.2020

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / सचिव / निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण वर्ष 2019–20 का डाटा पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक श्री संजय कुमार दिवाकर, राज्य नोडल अधिकारी, अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण, उत्तर प्रदेश शासन के संलग्न पत्र संख्या–Memo/AISHE/SNO-UP/08/19/2019-20 दिनांक 21 अप्रैल, 2020 पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसमें उनके द्वारा अवगत कराया गया है कि विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध महाविद्यालयों / परौमेडिकल महाविद्यालयों / मेडिकल संस्थानों के पोर्टल पर प्रतिभागित विश्वविद्यालय / संस्थानों के द्वारा डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा समय से अपलोड नही करने पर शासन द्वारा अत्यन्त खेद प्रकट किया गया है, तथा भारत सरकार द्वारा कोविड–19 की महामारी के कारण अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण(2019–20) के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल, 2020 तक विस्तारित की गयी है।

अतः उक्त के आलोक में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालयों / संस्थानों का अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (2019–20) के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा प्रत्येक दशा में दिनांक 30 अप्रैल, 2020 तक अपलोड कराना सुनिश्चित करें, यदि किसी भी महाविद्यालय / संस्थान द्वारा समय से डाटा अपलोड नही किया जाता है तो सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय / संस्थान का होगा।

भवदीय,

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
03. डा0 एस0एस0 गौरव, (नोडल अधिकारी), सीड साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
05. प्रभारी वेबसाइट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव

# अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (उ0प्र0)

## (All India Survey on Higher Education)

Phone No: 0522- 2287977

**Email:** aishecellup@gmail.com

पत्रांक : Memo /AISHE/SNO-UP/08/19/2019-20 दिनांक : 21.04.2020

सेवा में,

समस्त निदेशक / कुलसचिव / नोड़ल अधिकारी,
उच्च शिक्षा संस्थान / विश्वविद्यालय,
उ0प्र0 ।

विषयः–अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण वर्ष 2019–20 का डाटा पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण वर्ष 2019–20 का डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 डाटा पोर्टल पर अपलोड करने हेतु 01 जनवरी, 2020 से 31 मार्च, 2020 तक की तिथि निर्धारित की गई थी तथा विश्वविद्यालयों द्वारा उनके मण्डल / परिक्षेत्र के अधीन महाविद्यालयों / पैरामेडिकल महाविद्यालयों / मेडिकल / फॉमेर्सी / पॉलीटेक्नीक संस्थानों के पोर्टल पर प्रतिभागित आवेदनों को 02 कार्यदिवसों में अनुमोदित करने का निर्देश दिया गया था, परन्तु अद्यतन विश्वविद्यालयों / संस्थानों के नोडल अधिकारी द्वारा अपने विश्वविद्यालय / अधीनस्थ संस्थानों का डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 डाटा अपलोड नही किया गया है। समय से डाटा अपलोड नहीं करने पर शासन स्तर से अत्यन्त खेद प्रकट किया गया है।

भारत सरकार द्वारा कोविड–19 की महामारी के कारण अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 डाटा अपलोड़ करने की अन्तिम तिथि को 30 अप्रैल, 2020 तक विस्तारित कर दिया गया है।

अतः आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिन महाविद्यालयों / विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों द्वारा अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (वर्ष 2019–20) के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 डाटा अपलोड नही किया गया है, वह प्रत्येक दशा में दिनांक 30 अप्रैल, 2020 तक डाटा अपलोड करने का कष्ट करें। इस कार्य हेतु शासन स्तर पर कोई विलम्ब स्वीकार्य नही होगा तथा समय से डाटा अपलोड नही करने की स्थिति में शासन स्तर से उत्तरदायित्व निर्धारित करने हेतु अग्रिम कार्यवाही करने की संस्तुति की जायेगी।

भवदीय,

Sanjay

(संजय कुमार दिवाकर)
राज्य नोडल अधिकारी